## अटल शॉपिंग कॉम्पलेक्स में निर्माणाधीन दुकानों का मामला

# कमीशन के चक्कर में दुकान क्रेताओं से होगी धोखाधड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी ठेकेदारों से चंद पैसों के कमीशन के चक्कर में निगम को तो चूना लगा ही रहे है साथ ही अटल कॉम्पलेक्स में निर्माणाधीन दुकानों के क्रेताओं को भी धोखाधड़ी करने जा रहे है। दरअसल निगम में पदस्थ कुछ भ्रष्ट इंजीनियरों की वजह से ठेकेदार के हौसले बुलंद है। ऐसे में कमीशनखोरी अगर हो रही है तो दुकानों की गुणवत्ता पर असर होना तो स्वाभाविक है। समय से पहले दुकानों में आ रही दरारें इस बात को चीख चिखकर कह रही है कि दाल में काला नहीं दाल ही काली है क्योंकि आज अटल कॉम्पलेक्स के निर्माणाधीन दुकानों को एक आदमी भी देखेगा तो वह समझ जाएगा कि ठेकेदार द्वारा जबरदस्त भ्रष्टाचार कर आम जनता की गाढ़ी कमाई की बलि चढ़ाई जा रही है।

नागपुर रोड वार्ड क्रमांक 35 निकाय स्वामित्व की निर्माणधीन दुकानें तीस वर्ष के लिए अंतरण किए जाने के लिए निविदाएं बुलाई गई है और ये दुकानें कम से कम तीस वर्ष चलें इसलिए निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता ही बता रही है कि यह दुकानें तीन साल भी चल गई तो मुश्किल लगता है।

800 वर्ग फिट की ये दुकानें 72 लाख रूपए में बिकने को तैयार है। परंतु 72 लाख रूपए की इन दुकानों को बनाने के लिए निगम ने इतना छोटी राशि खर्च की है कि लाभ कई गुना निगम को मिल रहा है। ऐसे में निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि जो व्यक्ति 72 लाख की दुकान खरीदेगा उससे कम से कम इतनी बड़ी धोखाधड़ी तो न की जाए।

ठेकेदार इतनी गुणवत्ताहीन दुकानों को बना रहा है वहीं वार्ड क्रमांक 35 के इंजीनियर बिना आपत्ति और रोक टोक के फाइलें पास करते जा रहे है। अगर सही तरीके से इस विषय की जांच की गई तो इंजीनियर के साथ साथ अन्य जिम्मेदारों की नौकरी ही जाना तय है।

निश्चित रूप से इन दुकानों को क्रय करने की इच्छा रखने वाले निगम के आला अधिकारियों से बात करेंगे और ठेकेदार और जिम्मेदार इंजीनियर पर कार्रवाई करते हुए तत्काल ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाएंगे। अगर वे ऐसा करने में लापरवाही करते है तो यह तय हो जाएगा कि वरिष्ठ अधिकारी इस घोल माल में संलिप्त है।

### निगम को इंजीनियर लगा रहे चपत

वैसे तो निगम में चारों तरफ ही भ्रष्टाचार जमकर चल रहा है बिना चढोत्तरी के न तो फाइलें आगे बढती है न ही बिना कमीशन के इंजीनियर टस से मस होते है। चढोत्तरी चढाने वाले ठेकेदारों की फाइलें गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों के बाद भी आसानी से पास कर दी जा रही है। ऐसे में आम आदमी अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। जल्द ही दुकानों को खरीदने की इच्छा रखने वाले क्रेता वरिष्ठ अधिकारियो से शिकायत करने का मन बना रहे है।

## कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मंशा, अब कार्यकर्ता ही अपना नेता चुनेंगे

**छिन्दवाड़ाः** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अहमदाबाद विमान हादसे के बाद कांग्रेस ने अपनी सम्पूर्ण बैठकों को स्थगित करते हुए कांग्रेस के पर्यवेक्षकों के दल ने उपस्थित समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ हादसे में दिवंगत जनों को सर्वप्रथम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरांत एआइसीसी व पीसीसी से आए पर्यवेक्षकों के दल ने दोनों ही विधानसभा के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा की।

परासिया व जुन्नारदेव विधानसभा के उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा के दौरान पर्यवेक्षकों के दल ने संगठन की नब्ज टटोलते हुए कहा कि यहां बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ की सक्रियता संगठन में साफ नजर आ रही है। इतनी बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है।

## दुपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की फिजिकल बैठक में जिले में संचालित प्रत्येक पेट्रोल/ डीजल पम्प पर दुपहिया वाहन को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिये जाने की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया था, जिसका पालन सुनिश्चित कराये जाने के लिये खाद्य विभाग के जिला एवं मैदानी स्तर के अमलों को सतत मॉनिटरिंग करते हुये निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया है।

निर्देश के पालन में आज खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा मेसर्स माधवलाल एण्ड ब्रदर्स पेट्रोल पम्प मानसरोवर कॉम्पलेक्स के बाजू में छिन्दवाड़ा एवं मेसर्स योगेश ऑटो मोबाईल पेट्रोल पम्प फव्वारा चौक छिन्दवाड़ा का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण में पेट्रोल पम्प परिसर में प्रसाधन व्यवस्था अव्यवस्थित पाई गई तथा पम्प पर दुपहिया वाहन को बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया जाना पाया गया। पेट्रोल/डीजल पम्प संचालकों को उनके पम्प पर दुपहिया वाहन को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिये जाने बाबत निर्देशित किया गया तथा पम्प संचालकों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया ।

जिले के सभी पेट्रोल/डीजल पम्प संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे दुपहिया वाहन को बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिये जाने संबंधी सूचना का प्रदर्शन करते हुये दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी आम साधारणजन से अपील की जाती है कि वे दुपहिया वाहन में पेट्रोल प्राप्त करने के लिये हेलमेट पहनकर ही जायें ।

## नाबालिग से दुष्कर्म वाले आरोपियों को 24 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

तामिया पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को चौबीस घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस नाबालिक पीडिता ने अपनी माँ के साथ थाना आकर रिपोर्ट लेख कराया कि विधि विरुध्द बालक ने करीब चार माह पहले जंगल में ले जाकर जबरदस्ती गलत काम (बलात्संग) किया, घटना की बात घर में बताने पर पीडिता को जान से मारने की धमकी दी, दिनाँक 11.06.2025 को विधि विरुध्द बालक अपने दोस्त मौसम साहू के साथ मिलकर पीडिता को उसके घर के सामने से अपनी स्विफ्ट डिजायर कार में जबरदस्ती हाथ पकडकर, खीचकर बिठाया और बुरी नियत से छेडछाड करते हुये शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया, (आरोपी) मौसम साहू ने पीडिता का हाथ पकड रखा और विधि विरुध्द बालक ने हाथ थप्पड से मारपीट किया, घटना की जानकारी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया , रिपोर्ट पर थाना तामिया पुलिस द्वारा आरोपीगणों के विरुद्ध तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुये पास्को एक्ट, एट्रोसिटी एक्ट एवं बलात्कार की विभिन्न धाराओं के तहत अप क्रं. 120/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### विवेचना कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डे व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के दिशा निर्देशन में मामले में त्वरित कार्यवाही करने एवं आरोपीगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की गई जिसमे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव श्रीमति प्रियंका पाण्डे के नेतृत्व में थाना प्रभारी श्री आशीष जैतवार व पुलिस टीम के द्वारा मामले में फरार आरोपियों को संभावित स्थानों / ठिकानों पर दबिश / घेराबंदी कर विधिवत पुलिस अभिरक्षा मे लिया गया । जिसमें एक विधि विरुध्द बालक है जिसे भी सुरक्षार्थ रखा गया, आरोपी एवं विधि विरुध्द बालक को माननीय न्यायालय / किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा/ बाल सुधार गृह में भेजा गया हैं।

**गिरफ्तार आरोपी**

(1) युग उर्फ मौसम पिता कमलेश साहू उम्र 20 साल निवासी माता मंदिर के पीछे, तामिया, (2) विधि विरुद्ध बालक।

## जिले में जोरों पर चल रहे जुआफड़, चांद के बाद सिंगोड़ी में पड़ा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में जुआफड़ जोरों पर चल रहा है। बीते दिनों चांद में जुआफड़ पर कार्यवाही के बाद अब सिंगोड़ी में जुआफड़ पर दबिश दी गई है। पुलिस स्टाफ के चौकी क्षेत्र में अपराध पातासाजी हेतु रवाना हुये थे जो मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शासकीय प्राथमिक शाला बडेगांव के सामने कुछ व्यक्ति हार जीत में पैसे का दांव लगाकर जुँआ खेल रहे हैं । सूचना पर तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए रेड करने पर 06 आरोपीगण दीपक टेकरे, सुरेन्द्र टेकरे, आसिफ खान, रामकृष्ण टेकरे, बलकरन इनवाती एवं फूलभानशाह धुर्वे को मौके पर जुँआ खेलते हुये पकडा गया, जिनके कब्जे से नगदी रकम 9590/- रुपये नगदी, 52 ताश के पत्ते, मोटरसायकल कावासाकी बॉक्सर क्रं. MP-28-F-0789, मोटरसायकल हीरो स्पलेंडर क्रं. MP-28-MJ-2335, 05 नग मोबाईल, हिसाब किताब की एक कॉपी एवं नीले रंग का पेन इस प्रकार कुल संपत्ति करीबन 2,50,000/- रुपये की जप्त किया गया । आरोपीगणओं के विरुद्ध धारा 13 जुँआ एक्ट का कृत्य पाये जाने पर अप क्र 477 /2025 धारा 13 जुँआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आरोपीगणों के द्वारा संज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना पर उक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस का इस्तगासा तैयार कर न्यायालय तहसीलदार महो अमरवाडा पेश किया गया । (1) दीपक पिता हरिप्रसाद टेकरे उम्र 27 साल,(2) सुरेन्द्र पिता कुंवर सिंह टेकरे उम्र 48 साल,(3) आसिफ पिता अमान खान उम्र 29 वर्ष,(4) रामकृष्ण पिता धन्नालाल टेकरे उम्र 55 वर्ष,(5) बलकरन पिता बाबूलाल इनवाती उम्र 38 वर्ष, सभी निवासी ग्राम बड़ेगांव,(6) फुलभानशाह पिता धरमचंद धुर्वे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम गढ़ाछोटा चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवाड़ा।

## दो युवाओं की प्रबल इच्छाशक्ति ने खड़ा किया ब्लड आर्मी ग्रुप, रक्त दान कर सैकड़ों जानें बचाई




**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में भी इस सेवाकार्य में समर्पित होकर के रक्तदाता के रूप में रक्तदान करने वाले एवं लोगों को जागरूक क्रर नये रक्तदाताओं को तैयार करने वाली टीम ब्लड आर्मी ग्रुप लगातार पिछले 7वर्षों से निरंतर रक्तदान के क्षेत्र में कार्य रही हैं। विगत सात वर्षों से रक्तदान के क्षेत्र में अपने अनुठे अंदाज़ से कार्य क्रर रही युवाओं कि टीम ब्लड आर्मी ग्रुप आज जिले ही नहीं प्रदेश कि एक ऐसी टीम हैं जो रक्तदान से ज्यादा रक्तदान के प्रति जागरूकता और नये रक्तदाता बनाने कि काउन्सलिंग पर विश्वास रखती हैं और कथनी और करनी को सारगर्भित करते हुए साल भर हर सम और विषम परिस्थिति में बिना किसी आडम्बर के अपना कार्य अपनी जिम्मेदारी और दायित्व समझ क्रर चुपचाप बड़े ही शांति से करती हैं, दो युवाओं ने जिस टीम कि शुरुआत रक्त के लिए परेशान हों रहें परिजनों कि मदद करने के लिए शुरू किये ग्रुप में आज दर्जनों युवा काउन्सलिंग करके लोगो को रक्त के लिए जागरूक और मोटिवेट करते हुए रक्त कि उपलब्धता करते हुए मरीजों कि निःस्वार्थ सेवा क्रर रहें हैं।ब्लड आर्मी ग्रुप की उपलब्धियांःव्हाट्सप्प के 8ग्रुप के माध्यम से जिलेभर से जुड़े रक्तदाताओं को जोड़कर रखते हुए एवं निरंतर नये रक्तदाता बनाते हुए ब्लड आर्मी ग्रुप ने इन 7 वर्षों में कुल 2410 यूनिट्स रक्तदान ओर 18 यूनिट **SDP** का सफलतम रक्तदान सम्पन्न हुआ है साथ ही साथ तकरीबन 5000 से अधिक रक्तदान मरीज के परिजनों को प्रोत्साहित कर उन्हीं के द्वारा रक्त की उपलब्धता कराई गई है..जो कि स्वयं में एक मील का पत्थर साबित हुई है.विशेष उपलब्धियांराज्य स्तरीय पुरूस्कार (एसबीटीसी ) से सम्मानित साथ ही देश एवं प्रदेश कि विभिन्न संस्थाओं के द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने एवं लोगों को जागरूक क्रर रक्तदान हेतु प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया। कोविड एवं डेंगू जैसी महामारी के समय घरों से निकल मरीजों कि मदद क्रर उनके परिजनों के जीवन में बुझते दिये कि लौ को दीप्तिमान करने के लिए आज भी ब्लड आर्मी ग्रुप को सराहा जाता हैं कोविड के समय तत्कालीन कलेक्टर महोदय से आग्रह क्रर जिला अस्पताल में अफ्रेसिस मशीन लगाने में विशेष भूमिका निभाई ।

## शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा बैठक

**छिंदवाड़ा।** प्रभारी कलेक्टर अग्रिम कुमार ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल, डीपीसी श्री जगदीश इड़पाचे, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक श्री उमेश सातनकर, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ), एपीसी, बीआरसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**जर्जर भवनों की सूची तैयार करने के निर्देश** - प्रभारी कलेक्टर श्री कुमार ने जिले के असुरक्षित एवं जर्जर भवनों, कक्षों में संचालित स्कूलों एवं शैक्षणिक संस्थाओं की सूची शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च जोखिम वाले भवनों में संचालित स्कूलों का स्थानांतरण शीघ्र सुरक्षित भवनों, कक्षों में अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

## साप्ताहिक बाजार के दिन कई थानों की पुलिस की मौजूदगी के बावजूद निकला रेत चोरी का वाहन

### रेत चोरों की प्रशासन को खुली चुनौती, रेत पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील में बरसों से रेत की चोरी लगातार होती चली आ रही है लेकिन अब ऐसा लगने लगा है कि शासन प्रशासन का यहां पर तैनात अधिकारी कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं है या फिर यहां के तैनात अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारीयों के साथ-साथ राजनेताओं का भी संरक्षण मिला हुआ है। जिस कारण ये मनमानी कर अपने अधिकारों को निर्वहन कर रहे हैं। शासन प्रशासन का भय नहीं होने का आज प्रत्यक्ष उदाहरण आज तामिया के साप्ताहिक बाजार में देखने मिला कि खनिज निरीक्षक एवं तहसीलदार द्वारा रेत चोरों पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाना उनका संरक्षण दिए जाने की ओर खुला इशारा करता है जिसका उदाहरण आज साप्ताहिक बाजार में देखने मिला भीड़ वाले दिन लगभग दिन के 4:35 पर ओवरलोड ट्रैक्टर रेत लेकर भीड़ भरे माहौल में निकला, इससे अंदाजा लग जा सकता है कि रेत.चोरी करने वाले अब शासन प्रशासन से अपने आपको ऊपर मानकर दिन दहाड़े रेत निकल रहे हैं, उससे भी आश्चर्य वाली बात यह है कि आज गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का धरना प्रदर्शन में कई थानों से सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर पुलिस बल तैनात था। दिन में चोरी की रेत ले जा रहा ओवरलोड ट्रैक्टर प्रशासन के अधिकारीयों पर बड़े सवाल खड़े कर गया कि लाख शिकायतें होने के बावजूद भी इन रेत चोरों पर प्रशासन का भय नहीं है। उसी के नतीजन आज चुनौती देते हुए रेत का ट्रैक्टर निकाल कर प्रशासन को खुली चुनौती पेश की है कि रेत पकड़ना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन नजर आ रहा है।

इस निकले रेत के वाहन को साप्ताहिक बाजार में खरीदी करने आए ग्रामीण किसी तमाशे से कम नहीं समझ रहे थे और उन्होंने ओवरलोड रेत लेकर निकल रहे ट्रैक्टर को तमाशे की तरह देखा? लेकिन अब देखना यह है कि खनिज निरीक्षक को खुली चुनौती देने वाले रेत के ट्रैक्टर पर कार्रवाई की जाएगी या प्रशासन के अधिकारी चुनौती से अपने आप को अलग-थलग कर मजबूर साबित करेंगे, यह तो आने वाले दिनों में हो रही रेत चोरी पर अंकुश लगने नहीं लगने पर ही पता चल सकेगा।

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रोकी गौ तस्करी

## सवरर्णी के रास्ते तीन पिकअप में महाराष्ट्र जा रहा था गौवंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



बजरंग दल के द्वारा सवरनी भिलापार महाराष्ट्र की ओर जाने वाले मार्ग पर घेराबंदी करते हुए तीन पिकअप में भरकर जा रहे गोवंश की तस्करी पर कार्रवाही कि है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मार्ग से महाराष्ट्र की ओर बड़े पैमाने पर हो रही गो तस्करी की जानकारी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को थी जिसके बाद में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा बीती रातखामरपानी से बिछुआ-सावरनी मार्ग, डेरा डालकर धरपकड़ की। सवरनी मार्ग की छोटी बंजारी मंदिर के पास तीन पिकअप को धर दबोचा गया। तीनो गाड़ीयो में गौवंश को निर्दयता से ठूंस-ठूंसकर लादा गया था।गंतव्यः महाराष्ट्र के कसाईखाने ले जाया जा रहा था। 3 पिकअप ज़ब्त 9 गौवंश भरकर महाराष्ट्र के कत्ल खाने जा रहा था। बजरंग दल से जुड़े विशाल धकाते ने बताया किछिंदवाड़ा क्षेत्र से बड़े पैमाने पर महाराष्ट्र के सवर्णी के रास्ते गोवंश की तस्करी की जा रही थी जिसकी जानकारी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को लगी थी। बीती रात हुई कार्रवाई में तीन पिकअप में 9 गोवंश भरकर महाराष्ट्र जा रहा था जिसे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पकड़ा गया है। इस दौरान तीनों गाड़ियों को लोधी खेड़ा थाने में जमा किया गया है वही गोवंश को जामसावली गौशाला में भेजा गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा इस मार्ग पर पुलिस की गस्त बढ़ाने की मांग प्रशासन से की गई है।

## पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा के दौरान पर्यवेक्षकों के दल ने संगठन की नब्ज टटोलते पर की चर्चा

# विमान हादसे के दिवंगतों को श्रद्धांजलि के बाद हुई व्यक्तिगत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अहमदाबाद विमान हादसे के बाद कांग्रेस ने अपनी सम्पूर्ण बैठकों को स्थगित करते हुए कांग्रेस के पर्यवेक्षकों के दल ने उपस्थित समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ हादसे में दिवंगत जनों को सर्वप्रथम विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरांत एआइसीसी व पीसीसी से आए पर्यवेक्षकों के दल ने परासिया विधानसभा के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा की ।परासिया विधानसभा के उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक चर्चा के दौरान पर्यवेक्षकों के दल ने संगठन की नब्ज टटोलते हुए कहा , कि यहां बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय है । पूर्व सीएम कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ की सक्रियता संगठन में साफ नजर आ रही है । इतनी बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति इस बात का सबसे बड़ा प्रमाण है । विधानसभा व लोकसभा चुनाव के उपरांत निर्मित सम्पूर्ण विपरित परिस्थितियों में भी जो कांग्रेस के साथ खड़ा है वही कांग्रेस की सबसे मजबूत नींव है । चर्चा में उपस्थित कांग्रेस जन में जोश भरते हुए पर्यवेक्षकों के दल ने कहा , कि आने वाला समय कांग्रेस का है । हमें सिर्फ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा । जो कमियां सामने आएंगी उन्हें अविलम्ब दूर किया जाएगा । उन्होंने कहा , कि आगामी दिनों में भी दौरे होते रहेंगे । संगठन को और अधिक सशक्त करने हेतु जो आवश्यक कदम उठाने होंगे वे उठाए जाएंगे ।

### राहुल की मंशा कार्यकर्ता ही नेता चुनें

परासिया विधानसभा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा के दौरान एआइसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक संजय कपूर ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के दिशा - निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा , कि राहुल गांधी की मंशा है , कि अब कार्यकर्ता ही नेता चुनें । पहले नेता कार्यकर्ता चुनते थे , इस पर विराम लग चुका है । उन्होंने आगे कहा, कि अब पद किसी पर थोपा नहीं जाएगा । संगठन को समय देने वाले , सक्षम , संगठन की समझ व अनुभव रखने वाले पदाधिकारी अथवा कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी । ऐसा इसीलिये क्योंकि जिनके पास समय होगा वे ही संगठन को समय दे पाएंगे । संगठन को चलाने के लिए अनुभव की नितांत आवश्यकता होगी साथ ही सक्षमता भी आवश्यक है । परासिया संगीतालय भवन में हुई इस चर्चा में पीसीसी से पर्यवेक्षक सुरेन्द्र चौधरी , सुनील जायसवाल व अभिनव ढिमोले ने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत बारी-बारी से चर्चा की । इस दौरान बड़ी संख्या में परासिया विधानसभा के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एवं विश्वनाथ ओक्टे , सोहन वाल्मीकि , राजीव तिवारी, इंद्रपाल पटेल , गोबिंद बिजौलिया , अनुपमा राय , भरत डेहरिया , ब्लॉक अध्यक्ष कमल राय , मानक बेलवंशी , समन्वयक बसंत मालवी संतलाल यादव , हरी यदुवंशी (गुड्डा) अमजद खान , वीर बहादुर सिंह , राजेश डेहरिया , सुशील जायसवाल , निसार खान सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं ।

## भाजपा सरकार कर रही मरीजों का इलाजः नाना मोहोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना से पांढुर्णा जिले के 9 जरूरमंदों का उपचार संभव हो सकेगा। पूर्व मंत्री नाना मोहोड की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 8 लोगों को 3 लाख 70 हजार रूपयें की सहायता उपलब्ध कराई है। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिसमें वार्ड 10 मधुबन कॉलोनी सौसर निवासी रूपेश रंगारे 30 हजार रुपये,सुभाष गजभिए सौसर 40 हजार, रेखा उईके खैरितायगाव 40 हजार, अमन चिमोटे सौसर 25 हजार, गोकूल ऊकार पांढुर्णा 65 हजार, गणपति गांवडे ढोकदोह 30 हजार, महेश बोबडे सौसर 40 हजार, पीयूष ठाकरे रंगारी 50 हजार, पंकज सिंह पांढुर्णा 50 हजार का समावेष है। आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बिमारी से पीडित मरीजो का निजी अस्पताल में इलाज होगा। आर्थिक सहायता मिलने पर सभी परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना मोहोड एवं जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड का आभार व्यक्त किया है।

## ब्रम्हकुमारी सेंटर में वृक्षारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

**सौंसर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, गजानन कालोनी सौंसर सेंटर में राजयोगिनी ब्रम्हकुमारी अनुराधा दीदी की अध्यक्षता में,डॉ. गोपाल वंजारी,श्रीमती ममता वंजारी की प्रमुख उपस्थिति में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया। सेंटर प्रमुख राजयोगिनी ब्रम्हकुमारी अनुराधा दीदी नें ईश्वरीय श्रृष्टि में पर्यावरण का महत्व बताते हुए एक पेड़ मां के लगाने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख मातेश्वरी जगदंबा के पुण्यस्मृति दिवस 24 जून तक वृक्षारोपण किया जायेगा।कार्यक्रम का संचालन बी.के. सारंग ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साधक भाई बहन उपस्थित थे। आयोजन के दौरान अनुराधा दीदी के द्वारा सभी क्षेत्रवासियों से अपने आसपास के परिसर में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करते हुए परिसर को हरा भरा करने और वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प भी दिलाया। स

## स्टेप फॉरवर्ड स्कूल द्वारा नौरिश टू फ्लोरिश विषय पर सेमिनार का आयोजन

**जुन्नारदेव।** स्टेप फॉरवर्ड स्कूल 15 जून 2025 को नौरिश टू फ्लोरिशः राइजिंग हेल्दी चिल्ड्रन इन ए फास्ट फूड वर्ल्ड विषय पर सेमिनार का आयोजन कर रहा है। इस सेमिनार का उद्धेश्य माता-पिता और देखभाल करने वालों को आज के तेजी से बदलते विश्व में बच्चों के लिए स्वस्थ भोजन की आदतों के महत्व के बारे में शिक्षित करना है।इस सेमिनार का नेतृत्व प्रसिद्ध आहार विशेषज्ञ क्रति तिवारी करेंगी, जो इंडियन डायटेटिक एसोसिएशन (आईडीए) की सदस्य और प्रमाणित मधुमेह शिक्षक और वजन प्रबंधन विशेषज्ञ हैं। वह बच्चों में स्वस्थ भोजन की आदतों को बढ़ावा देने और उन्हें भोजन के साथ सकारात्मक संबंध विकसित करने में मदद करने के लिए मूल्यवान जानकारी और व्यावहारिक सुझाव साझा करेंगी।सेमिनार 15 जून 2025 को शाम 5:30 बजे जूनार्देव के श्रद्धा लॉन में आयोजित किया जाएगा। माता-पिता, देखभाल करने वाले और शिक्षक इस जानकारीपूर्ण सत्र में भाग लेने और सीखने के लिए आमंत्रित हैं कि कैसे बच्चों को तेजी से बदलते विश्व में स्वस्थ भोजन की आदतों को अपनाने में मदद की जा सकती है।

### भाजपा नगर मंडल का सम्मलेन आज

**जुन्नारदेव।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जुन्नारदेव का मंडल सम्मलेन दिनांक 14 जून दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे से स्थानीय मंगल भवन (सब्जी मार्केट के पास) आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन में जिला उपाध्यक्ष योगेश साहू के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगी। मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने भाजपा नगर मंडल के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## भगवान भरोसे दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया स्वास्थ्य विभाग का कार्य मनमाने ढंग से चल रहा है । यहां जिसे जो भी जिम्मेदारी सौंपी जा रही है , वह उसे निभाने को तैयार नहीं है । इसी के चलते आंगनबाड़ी और छात्रावासों में मौजूद दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण भगवान भरोसे है । इसके लिए तैनात डॉक्टर का अता - पता नहीं है , लेकिन रजिस्टर में हाजिरी पूरी लग रही है ।शासन के आयुष विभाग के द्वारा स्वयं सेवी संस्था (एनजीओ)के मार्फत आंगनबाड़ी केंद्रों और विभिन्न छात्रावासों में मौजूद दिव्यांग छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉक्टर और अन्य कर्मचारी रखे गए हैं ।परासिया में यह जिम्मेदारी डॉक्टर स्मृति चौरसिया को सौंपी गई है , पर देखने में आ रहा है कि डॉक्टर ने बीते 1 अप्रैल से अब तक किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र या छात्रावास में जाकर दिव्यांगों का हाल - चाल नहीं देखा है , लेकिन परासिया अस्पताल में रखे हाजिरी रजिस्टर में उनकी हाजिरी प्रतिदिन लग रही है । डॉक्टर छिंदवाड़ा से आना - जाना करती है , लेकिन सूत्रों से पता चला है कि वह अप्रैल महीने से आई ही नहीं रही , फिर उनकी जगह कौन इनके हस्ता कर रहा है , जांच का विषय है । इधर परासिया बीएमओ का दावा है , कि डॉक्टर स्मृति आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से कर रही हैं , यदि यह सत्य है , तो उच्च अधिकारियों को प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर विजिटिंग रजिस्टर की जांच करना चाहिए , साथ ही अस्पताल में आकर लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच करना चाहिए । जिससे स्पष्ट हो जाएगा , कि उक्त डाक्टर नियमित रूप से अपना कर्तव्य निभा रही है या नहीं , पता चला है , कि उक्त डाक्टर ने शुक्रवार को छुट्टी के लिए आवेदन दिया है ।

### सड़क मरम्मत के लिए नपं अध्यक्षा राय ने विभागीय अध्यक्ष को लिखा पत्र

**न्यूटन / परासिया** :- न्यूटन नगर पंचायत अध्यक्षा अनुपमा हेमंत राय ने नगर की मुख्य सड़क की मरम्मत हेतु सड़क विभाग के अध्यक्ष को पत्र लिखा है । उन्होंने मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को पत्र में कहा है , कि छिंदवाड़ा - मटकुली राज्य मार्ग 19 के अंतर्गत न्यूटन में लगभग डेढ़ किलोमीटर की सड़क में कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं । जिनके चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं । उन्होंने सड़क की मरम्मत के लिए मांग रखी है । इसके अलावा उन्होंने झिरिया के समीप एस गुलाई को भी सीधा करने की मांग रखी है । गौरतलब है , कि झिरिया के समीप सड़क के मोड को एस गुलाई के नाम से जाना जाता है । यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है ।सड़क पर पानी या तेल गिरने के बाद दुर्घटना की संभावनाएं अधिक बढ़ जाती है । बीते गुरुवार को यहां दो कार आपस में आमने - सामने से टकरा गई ।जिसमें छह लोग घायल हुए थे ।

## पार्किंग के अभाव में मुख्य सड़क पर जाम

### राहगीर हो रहे परेशान, एंबुलेंस को निकलने में हो रही दिक्कत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

वर्तमान में नगर के चर्च तिराहा से एचडीएफसी बैंक तक निर्माण का कार्य जारी है। सड़क निर्माण कार्ड के दौरान लगातार मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति बन रही है वही स्टेट बैंक महाराष्ट्र बैंक और पोस्ट ऑफिस के पास पार्किंग ना होने के चलते मुख्य सड़क पर ही उपभोक्ता अपने वाहनों को खड़ा कर रहे हैं गुरुवार दोपहर में वाहन पार्किंग की लंबी कतार लग जाने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई जहां जाम में एम्बुलेंस फस गई लगभग 15 से 20 मिनट उपरांत जाम को क्लियर कराया गया जिसके बाद आवागमन चालू हुआ स्थानीय नागरिकों द्वारा बैंकों के पास लगने वाली वाहनों की कतार को हटाए जाने की मांग की गई है। साथ ही सड़क निर्माण कंपनी के निर्माण कार्य को शीघ्र ही पूर्ण कर जाने की मांग थी शासन प्रशासन से की गई है।

## कांग्रेस नेता उमंग सिंघार का स्वागत करते हुए कांग्रेसजन

# जनता से झूठे वादे कर भाजपा ने प्रदेश में बनाई सरकार-उमंग सिंघार

हरिभूमि न्युज वारासिवनी

शुक्रवार को विधानसभा में प्रतिपक्ष नेता व कांग्रेरस के वरिष्ठ नेता उमंग सिंघार का वारासिवनी आगमन हुआ। इस दौरान विधायक जनसंपर्क कार्यालय में कांग्रेसजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया और विधायक विवेक विक्की पटेल को नवीन कार्यालय के शुभकामनाऍ उसके बाद श्री सिंघार नगर के विश्राम गृह में पहुॅचे। जहॉ पर उन्होंने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मुलाकात कर चर्चा की। लेकिन इस दौरान उन्होंने सृजन संगठन अभियान के तहत ब्लॉक व जिला अध्यक्ष के चयन के लिए कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से किसी भी प्रकार की चर्चा नहीं कि कल 12 जून को अहमदाबाद में प्लेन क्रेश होने और उसमें सवार यात्रियों की मौत के कारण कांग्रेस पार्टी द्वारा कार्यकर्ताओं से मिलन सहित अन्य सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिये गये थे। इस दौरान उन्होंने विमान हादसे में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजली देते हुए उनके परिवार के

सदस्यों के प्रति संवेदनाऍ व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार से विमान **हादसे की घटना की निष्पक्ष जॉच की मॉग भी की। पैसों के दम पर**



**भाजपा ने बनाई प्रदेश में सरकार-उमंग सिंघार**

विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा चुनाव के समय नई योजना लाती हैं। अभी लाड़ली बहना योजना की क्या स्थिति हैं,? सभी को पता हैं। भाजपा उस योजना को बंद करने की सोच रही हैं। चुनाव तो जीत लिया, क्या तीन हजार रूपये बहनों को मिल रहा हैं? भाजपा महिलाओं के वोट से सरकार तो बना सकती हैं, मगर किये गए वादों को कभी पूरा नहीं कर सकती। मोदी जी ने कहा था किसानों की आय दोगुनी होंगी, महॅगाई कम होगी। अभी ग्यारह वर्षो में क्या हुआ? जनता को

**पता चल गया हैं, लघु उद्योग बंद हो रहें हैं, युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही हैं, रोजगार नहीं दे पा रही हैं, भाजपा ने जनता से जो वादे किये थे,**

उन्हें पूरा नहीं कर पाई हैं। पद और पैसों की लालच में कुछ लोग अपने आप को बेच देते हैं-विवेक पटेल विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से मजबूत रही हैं। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता ईमानदारी से काम करता हैं, भाजपा पार्टी पैसों के दम पर कांग्रेस के विधायकों को डरा धमकाकर खरीद लेती हैं। अगली बार प्रदेश और केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी पार्टी हैं, जो गरीब वर्ग के हर व्यक्ति का ध्यान रखती हैं, भाजपा पैसों वालों की पार्टी हैं। आज कल के युवा भाजपा में जाना पसंद नहीं करते हैं। उन्हें भी पता हैं कि देश को ऊंचाईयों तक सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही पहुंचा सकती हैं। हमारे विधानसभा क्षेत्र का हर एक कार्यकर्ता मजबूत हैं, पूरी ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी का काम करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। किसी से कभी डरते नहीं है, मगर कुछ लोग पैसों के लालच में अपने आप को बेचकर भाजपा में शामिल हो जाते है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, भूतपूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, शाहिद खान, स्वप्निल डोंगरे, भूतपूर्व नपाध्यक्ष धवल माडल व अनीश बेग, फेकनलाल डोहरे, डॉ. जेशराज पारधी, सरपंच महेंद्र राणा, जिला महामंत्री सुदेश गुड्डू सोनी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिपरेवार, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष विवेक जुझार, देवी प्रसाद लिल्हारे, पूर्व सरपंच राजा अली, सुनील राणा, गगन बिसेन, नरेंद्र राहंगडाले, छोटू ठाकरे, राजकुमार चौधरी, हरि क्षीरसागर, विजय बिसेन, सोमू शुक्ला, सुभाष क्षीरसागर, चिंटू जैन, सरपंच संदीप बाघमारे, सरपंच आनंद बिसेन, जनपद सदस्य जगदीश बंसोड, भूतपूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक मरार सहित कांग्रेसीगण मौजूद रहें।

## मुख्यमंत्री द्वारा किया गया भूमि पूजन हो रहा कोरा साबित

# नेताओं के दांव पेंच में उलझा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला







आदिवासी बहुल जिले में सरकार द्वारा स्वीकृत कार्य भी शुरू नहीं हो पा रहे हैं कारण प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों की उदासीनता है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है जहां जनपद पंचायत मंडला के अधिकारियों के संरक्षण के चलते ग्राम पंचायत का सचिव मनमानी करते हुए कार्य को शुरू नहीं होने दे रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ढेंको में वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अन्तर्गत स्वीकृत तालाब गहरीकरण एवं सौंदीकरण कार्य किया जाना था जिसका विधिवत टेंडर भी हो चुका था लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता एवं मनमानी के चलते अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। बताया गया कि पूरे मामले में स्थानीय ग्रामीणों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा कई बार पत्राचार करते हुए जनपद सीईओ एवं जिला पंचायत के सीईओ को अवगत कराया गया है लेकिन अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिसके चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि पंचायत के सचिव अपनी मनमानी कर रहे हैं और उन्हें अधिकारी अपना संरक्षण दे रहे हैं जिसके चलते ग्राम विकास के कार्य और सरकार के मनसा अनुरूप कार्य नहीं हो पा रहे हैं। स्थानीय ग्रामीण एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि द्वारा जनपद एवं जिला पंचायत के सीईओ पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इनके द्वारा तात्कालिक कार्रवाई न करते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इसके साथ ही बताया कि ग्राम पंचायत ढेंको जनपद पंचायत मण्डला में वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री अधोसरंचना योजना अन्तर्गत तालाब गहरीकरण एवं सौंदीकरण का कार्य स्वीकृत हुआ था, एवं उक्त कार्य का भूमि पूजन मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा जिला मुख्यालय में वर्चुअल किया जा चुका है। उक्त कार्य का विधिवत वर्ष 2023 में स्थानीय परन्तु ग्राम पंचायत ढेंको के जवाबदार लोगों के द्वारा अनावश्यक कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए जनपद के उपयंत्री, सहायक यंत्री एंव सचिव पर दबाव बनाकर कार्य में रूकावट की जा रही है। स्थानीय जागरूक लोगों के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मण्डला को कई बार बोलने पर भी आज दिनाँक तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है।

## स्मामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट द्वारा एक्सपोजर विजिट



**मण्डला।** पी.एम.कॉलेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में स्मामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्षन प्रकोष्ट के विद्यार्थियों को शासन के निर्देशानुसार एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत एतिहासिक स्थलों, संग्रहालयों, वैज्ञानिक संस्थानों, साईन सिटि, आब्जरवेंटरी के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों का पुरातत्व संग्राहालय मण्डला में विजिट किया गया, जिसमें 10वीं शताब्दि से 17वीं शताब्दि तक उपयोग में आने वाली वस्तुएँ युद्ध के औजार देवी-देवताओं की मूर्तियों एवं सात हजार वर्ष पूर्व डिवोनियन पीरेड के फॉसिल्स का अध्ययन किया गया जिसमें फॉसिल्स बनने की विधियाँ एवं वर्तमान फॉसिल्स पौधों के जड़, तना, पत्ती, फल एवं बीज के फॉसिल्स दिखाया गया तथा डिवोनियन पीरेड में पेड़-पौधे किस प्रकार से पत्थर बने इसकी विस्तृत जानकारी डॉ.बी.एल.झारिया पेलियो वॉटनिस्ट द्वारा छात्रों को जूलोजिकल समय-सारणी के अनुसार पौधों एवं जीव जन्तुओं की उत्पत्ती के बारे में बताया गया और मण्डला पुरातत्व संग्राहालय में अधिकतर पाम के वृक्षों के फॉसिल्स प्राप्त हुए हैं जो एक बीज पत्री एवं द्विबीज पत्री के नहीं हैं। उपरोक्त जानकारी उपरांत फॉसिल्स एवं पुरातत्विक संग्राहालयों का बनाकर पुरात्त विभाग को सहयोग करने हेतु छात्रों में एक रूचि प्रदान की गई जिससे वे अपने रोजगार के सुअवसर पहचान सकें।

## भीमडोंगरी में सामाजिक पेंशन योजना का शिविर का आयोजन

भुआबिछिया। विगत दिनों मवई जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत भीमडोंगरी में सामाजिक पेंशन योजना का शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों पात्र हितग्राहियों निराकरण मौके पर किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य, अक्षय परते, ओमप्रकाश मरावी सरपंच , करन सिंह मरावी सरपंच , हनुमान जाट, इंद्र लाल परते, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य के आग्रह पर एवम् मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन पर, त्रिलोक मरावी पंचायत इंस्पेक्टर, पेंशन अधिकारी दीपक भारतीया, तेज लाल बंजारा कंप्यूटर ऑपरेटर, जय सिंह धुर्वे सचिव ग्राम पंचायत भीमडोंगरी,घैल सिंह मरावी सचिव ग्राम पंचायत मनोरी, गुलाब सिंह उइके रोजगार सहायक, अजय कुमार राय रोजगार सहायक, का सराहनीय योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला श्रम पदाधिकारी सिवनी ने बताया कि गुरूवार 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन एवं बंधक श्रम उन्मूलन के संबंध में परिचर्चा एवं कार्यशाला तथा बाल एवं बंधक श्रम से संबंधित बैठक का आयोजन नटराज होटल जिला सिवनी में किया गया। उक्त कार्यशाला एवं बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, श्री विक्रम सिंह डावर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री रवि नायक, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री मुकेश सेन एवं अन्य सदस्य गण, श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, महिला बाल विकास के अधिकारी एवं कर्मचारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, प्रबंधक लीड बैंक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले एनजीओ के सदस्य एवं अन्य सहभागी गण उपस्थित हुए। बैठक में बाल श्रम एवं बंधक श्रम अधिनियमों के प्रावधानों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जिले को बाल श्रम एवं बंधक श्रम प्रथा से शत प्रतिशत विमुक्त कराए जाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

# गांजा तस्कर चढ़ा कोतवाली पुलिस के हत्थे

**सिवनी जिले में चल रहे जुआ, सटटा, शराब अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही हेतु व पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता सख्त है, ए.एस.पी गुरूदत्त शर्मा एवं सी.एस.पी मति पूजा पांडे के द्वारा कार्यवाही कराने हेतु हमेशा तत्पर है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



दिनांक 12/06/25 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी की सिवनी निर्माणाधीन रेल्वे स्टेशन ग्राउंड के पास अवैध रुप से गांजा रखे होने की सूचना पर एक व्यक्ति को स्टाफ की सहायता से घेराबंदी कर पकडा गया जिसके द्वारा अपना नाम वेदप्रकाश झारिया पिता दुखीराम झारिया निवासी रेल्वे स्टेशन रोड तिलक वार्ड सिवनी से एक सफेद रंग के थैले में 720 ग्राम गांजा जप्त किया गया।
आरोपी से अवैध मादक पदार्थ रखने के सबंध में कोई वैद्य दस्तावेज लायसेंस न होने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी :-01. वेदप्रकाश झारिया पिता दुखीराम झारिया उम्र 55 साल निवासी रेल्वे स्टेशन रोड तिलक वार्ड सिवनी।
जप्ती :- 01.720 ग्राम गांजा कीमती करीबन 7000/- रूपये 02. 1510 रूपये नगदी 03. रेडमी कंपनी का एंड्राईड मोबाईल कीमती करीबन 12000 रूपये उल्लेखनीय है कि आरोपी वेदप्रकाश झारिया के विरूद्ध अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे होने से आरोपी के पूर्व से 03 अपराध पंबद्ध है।
उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी कोतवाली शकिशोर वामनकर, उनि दयाराम शरणगत, उनि राहुल काकोडिया, सउनि रामअवतार डहेरिया, आरक्षक अमित रघुवंशी, विक्रम देशमुख, शिवम बघेल, सिद्वार्थ दुबे, अजेन्द्र पाल, म.आर फरहीन शामिल रहे।

### विशाल रक्तदान शिविर आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा आगामी 14 जून शनिवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन, सिंधी कॉलोनी, सिवनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे 18 से 65 उम्र तक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते है ।
संत निरंकारी मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की ऐसी प्रेरक श्रृंखला आरंभ है, जो निःस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है।
संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे भारतवर्ष में इस वर्ष 2025 में अब तक लगभग 550 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल श्रृंखला आयोजित की गई। बाबा हरदेव सिंह ने "रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं" का अमर संदेश देकर रक्तदान को मिशन की आध्यात्मिक सेवा का अभिन्न अंग बनाया। यह संदेश आज भी प्रत्येक निरंकारी भक्त के हृदय में सेवा और समर्पण की प्रेरक लौ बनकर वंत है।
संत निरंकारी हेल्थ सिटी की मेडिकल डाइरेक्टर गीतिका दुग्गल ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अप्रैल 2025 को सम्पूर्ण भारतवर्ष में आयोजित रक्तदान श्रृंखला में लगभग 30,000 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

# सड़क दुर्घटना में 45 वर्षीय कर्मचारी की मौत

**सिवनी। जिला अस्पताल के समीप स्थित पेट्रोल पंप में कार्यरत 45 वर्षीय कर्मचारी का गुरुवार की रात लगभग 10.30 बजे सड़क दुर्घटना में निधन हो गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शुक्रवार को पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम कर परिवार को सौप दिया गया है। वही पुलिस अनुराग की मौत पर इसे सड़क दुर्घटना या फिर हत्या किए जाने की संभावनाओं को देखते हुए इस एंगल पर भी जांच में जुड़ गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुराग नागोत्रा पिता इंदल प्रसाद नागोत्रा निवासी अभिनंदन कॉलोनी, नायक के खेत के सामने बिंझावाड़ा, सिवनी रात लगभग 10 बजे जिला अस्पताल के समीप स्थित पेट्रोल पंप से ड्यूटी करके वापस अपने घर जा रहे थे जब उनकी बाइक घर से 200 मी की दूरी पर रही तभी वहां से गुजर रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन में जोरदार टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल अनुराग को उपचार के लिए जिला अस्पताल सिवनी लाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। परिजनों ने बताया कि अनुराग की दो बेटी हैं जिसमें बड़ी बेटी 18 साल की व छोटी बेटी 14 साल की है। अनुराग की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### इधर पैदल जा रहे मजदूरों को वाहन ने टक्कर मारीः दो गंभीर घायल

सिवनी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खेरीटेक गांव के पास रात में एक सड़क हादसा हो गया। दो मजदूर पैदल जा रहे थे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। इस हादसे में दोनों मजदूर कप्तान और राजा घायल हो गए। राह चलते लोगों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दी।
सूचना मिलते ही डायल 100 की टीम में शामिल आरक्षक रवि धुर्वे और चालक देवेंद्र करेयम मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस का कहना है कि हादसा उस जगह हुआ जहां अक्सर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। यदि उस समय वहां ज्यादा भीड़ होती, तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जा सके। पुलिस लगातार लोगों से अपील कर रही है कि सड़क पर सावधानी से वाहन चलाएं, लेकिन इसके बावजूद लापरवाही के चलते हादसे हो रहे हैं।

## शिकारा-सिवनी-रामटेक,नागपुर-सिवनी-जबलपुर रेल निर्माण की मांग को लेकर रेल विकास समिति के सदस्यों ने सांसद से चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

दिनांक 13/6/25 को सर्किट हाउस सिवनी में सिवनी रेल विकास समिति के सदस्यों ने सांसद से मुलाकात किया और शिकारा-सिवनी-रामटेक (नागपुर-सिवनी-जबलपुर) रेल निर्माण की सिवनी वासियों की वर्षों पुरानी मांग आज पुनः उठाया। सांसद मैडम ने अगला सिवनी दौरा पर इस संबंध में विस्तृत चर्चा और आवश्यक दस्तावेज देने के लिए कहा है।

# बिना लाइसेंस गांव गांव खुली धान बीज की दुकानें, जिम्मेदार बैठे मौन

**बरघाट। सिवनी जिले के बरघाट तहसील अंतर्गत गांवों में अवैध तरीके से बिना लाइसेंस धान बीज और कीटनाशक दवाओं की दुकान संचालित हो रही है। कृषि विभाग की अनदेखी के चलते धान बीज व्यापारी महंगे दामों में गांव गांव धान बीज का व्यापार धड़ल्ले से कर रहे है।**



धान बीज और कीटनाशक दवाओं की दुकान खुल गई है।

बरघाट सहित गंगेरूआ, अरी, आष्टा, बोरी, धारनाकलां सहित दर्जनों गांवों में बिना लाइसेंस सूत्र बताते है कि कृषि अधिकारियों की साठगांठ के चलते गांवों में गली मोहल्ले में कीटनाशक दवाएं और धान बीज की दुकानें धड़ल्ले से चल रही है। धान का कटोरा कहे जाने बरघाट क्षेत्र में गांव गांव में धान बीज और कीटनाशक दवाओं की दुकान खोलकर व्यापारी मनमानी दामों पर किसानों को लूट खसूट कर रहे है।
इन दिनों आने वाले समय में किसान बोवनी करने की तैयारी में है मानसून आते ही धान बीज की बोवनी करने दुकानों से बीज खरीदी कर रहे है। गांव गांव गली मोहल्ले में बिना लाइसेंस खुली धान बीज और कीटनाशक दवाओं की दुकानों में मनमानी लूट मची हुई है। कृषि विभाग की अनदेखी के चलते दुकानदार किसानों को लूट रहे है। कृषि दुकानें की जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग आमजन कर जिला कलेक्टर से कर रहे है।

## 21 जून को मनाया जायेगा ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल एवं कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 21 जून 2025 को ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वृहद आयोजन जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर आयोजित किया जाना है। इन कार्यक्रमों में स्कूलों कॉलेजों के विद्यार्थियों के अलावा विभिन्न योग संस्थान, एन.सी.सी., एन.एस.एस., पुलिसकर्मी, शासकीय सेवकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता से सम्पन्न किया जाना है। जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.कुमरे द्वारा समस्त विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एवं शासकीय/अशासकीय संस्था प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों को निर्देशित किया गया है कि कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार व्यक्तिगत रूचि लेकर अपने-अपने क्षेत्र एवं शिक्षण संस्था में कार्यक्रम के आयोजन हेतु अन्य विभागों, योग एवं सामाजिक संगठनों से समन्वय स्थापित कर योग अभ्यास प्रारम्भ करें। इसी क्रम में दिनांक 21 जून 2025 को प्रातः 06.00 बजे से जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम फुटबॉल स्टेडियम बैडमिन्टन हॉल सिवनी में आयोजित किया जावेगा। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग ने जिले के समस्त जनप्रतिनिधि, गणमान्य एवं जनसामान्य नागरिकों से अनुरोध किया है कि 21 जून 2025 को अपने निकटतम क्षेत्र में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होकर सहभागिता करने हेतु अपील की है।

# मोहन मरकाम ने ली कांग्रेस संगठनात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी राहुल गांधी की मंशानुरूप कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिये मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी केवलारी में अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ राज्य ,पियुष कौशरे महामंत्री छत्तीसगढ़ कांग्रेस, राहुल चतुर्वेदी सदस्य छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने ठाकुर रजनीश सिंह विधायक, राजकुमार खुराना जिला अध्यक्ष, राजा बघेल महासचिव, बिनोद वासनिक महासचिव प्रदेश कांग्रेस व जिला के पदाधिकारियों की उपस्थिति मे बैठक आयोजित कर वन टु वन अगामी जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर चर्चा किया ।
प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस के नैतृत्व मे नर्मदा लॉन मे दोपहर 12 बजे से शुरू हुयी बैठक मे केवलारी ब्लॉक कान्हीबाडा ब्लाक के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।
विधायक ठाकुर रजनीश सिंह व प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस ने मुख्य अतिथियों ,जिला पदाधिकारियों का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया,बैठक के आयोजन में अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक श मोहन मरकाम ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर तक संगठन को मजबूत करने लिए अपनी बात रखी एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से सुझाव माँगे। बैठक मे जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण, युथ कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, एन एस यु आई , मंडलम, सेक्टर, बूथ कांग्रेस कार्यकर्ता गणों की गरिमामयी उपस्थिति रही

# वैश्य महासम्मेलन सिवनी की जिला बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश महामंत्री माननीय मनीष अग्रवाल की अध्यक्षता एवं संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज एवं छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष अनिल सिंघई के विशेष अतिथि में दा ग्रैंड रजवाड़ा होटल सिवनी मे आयोजित की गई। सर्वप्रथम गणेश भगवान का पूजन, दीप प्रज्वलन एवं वैश्य गान के साथ बैठक की शुरुआत हुई।
इस बैठक में जिला एवं तहसील के मूल इकाई, महिला इकाई और युवा इकाई के सभी पदाधिकारी एवं वैश्य घटक समाजों के अध्यक्ष शामिल हुए। वैश्य पदाधिकारी सुत जैन , इंदिरा प्रकाश सराफ , संजना सोनी , मनीष अग्रवाल , अतुल मालू , अंकित मालू के निज निवास पर प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सुधीर अग्रवाल का स्वागत तिलक वंदन एवं पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया।

**बैठक में शामिल हुए**

नरेंद्र कौशल, अशोक अग्रवाल, प्रकाश सराफ, राकेश भालोटिया, मुकेश चौरसिया,डी पी साहू,दीपक अग्रवाल, प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री मनीष अग्रवाल,संजय मालू, सुत जैन, संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, अंकित मालू, अनिकेत मालू,आदर्श जैन,अनिल सिंघयी,यश केसरवानी महिला इकाई में संगीता नाहटा,लीना मालू ,शीतल अग्रवाल, इंदिरा सराफ, ऋतु दहिकर , रजनी कौशल, संजना सोनी, अनुष्का सोनी, सोनिया सोनी, अंजू जैन, मंजू सोनी , अंजलि जैन,हनी गुप्ता, ममता गुप्ता,अलका अग्रवाल , संगीता अग्रवाल, बिंदिया पटवा ,ज्योति साहू शामिल हुए ।

# वन विभाग ने पकड़ा सौगोन से भरा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



म.प्र. राज्य वन विकास निगम, लि. बरघाट परियोजना मण्डल सिवनी, के संभागीय प्रबंधक श्रीमति भारती ठाकरे (भा.व.से.) के निर्देशन में परियोजना मण्डल के वन क्षेत्र वन अमले द्वारा रात-दिन सतत गश्ती की जा रही है. दिनांक 13.06.2025 को परियोजना परिक्षेत्र कान्हीवाड़ा में परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी डी. के. डहेरिया एवं एवं उनके अधिनस्थ वन अमले के रात्रि गश्ती के दौरान ग्राम सुकतरा मार्ग पर मोहवेली बीट के वन कक्ष क्रमांक पी-686 के पास से आते हुए, एक टाटा एस (छोटा हाथी) वाहन क्रमांक MP20 LA2843 को रोका गया। वाहन चालक एवं उसके अन्य साथी वन अमले को आता देख वाहन छोड़कर फरार हो गये। वाहन की जाँच किये जाने पर वाहन में 08 नग 0.495 घमी. ईमारती काष्ठ सागौन अवैध रूप से परिवहन करते हुए जप्त किये। परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी श्री डी. के. डहेरिया द्वारा अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 417/29 दिनांक 13.06.2025 पंजीबद्ध कर, वाहन की जप्ती की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में कार्यवाहक वनपाल रज्जन उरकड़े, वनरक्षक प्रदीप बघेल, स्थाईकर्मी एवं बनवाले एवं अन्य सुरक्षा श्रमिकों का सराहनीय योगदान रहा।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



शासन से प्राप्त निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान का क्रियान्वयन दिनांक 29 मई 2025 से 12 जून 2025 तक किया गया है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों तथा कृषि से संबंधित अन्य विभाग के अधिकारियों के दलों द्वारा जिले की 135 पंचायतों में कृषक संगोष्ठियां आयोजित कर किसानों को विभिन्न विषयों जैसेः- विभागीय योजनाओं की जानकारी, प्राकृतिक खेती, समन्वित खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नरवाई प्रबंधन, उर्वरकों का समान्वित उपयोग, फसल बीमा इत्यादि विषयों पर लगातार जानकारी दी गई। यह अभियान दिनांक 29 मई 2025 से प्रांरभ होकर 12 जून 2025 तक चला, जिसमें सिवनी जिले के सभी विकासखण्डों के 25000 से अधिक कृषकों द्वारा अपनी सहभागिता दी गई। जिसका समापन कार्यक्रम 12 जून 2025 को कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रांगण में किया गया।
उक्त समापन कार्यक्रम सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक सिवनी पूर्व सांसद ढालसिंह बिसेन, भाजपा अध्यक्ष जिला सिवनी श्रीमती मीना बिसेन एवं राकेशसिंह बैस, शेरसिंह उईके की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।
कार्यक्रम की प्रस्तावना सुधीर कुमार धुर्वे उपसंचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सिवनी द्वारा प्रस्तुत की गई, इसके पश्चात वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी डॉ. शेखर सिंह बघेल द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान वैज्ञानिक दलों द्वारा पंचायतों में जाकर की गई गतिविधियों की जानकारी दी गई।
सांसद श्रीमती भारती पारधी द्वारा कृषकों को नवीन कृषि तकनीकि अपनाने एवं ड्रोन तकनीकि का प्रयोग करते हुये कृषि को लाभ का धंधा बनाने की अपील की गई। विधायक द्वारा कार्यक्रम में अपने संबोधन में कृषकों को प्राकृतिक खेती, श्री अन्न फसलों की खेती के संबंध में प्रोत्साहित किया।
कृषकों को संबोधित करते हुये विधायक ने मिट्टी परीक्षण करवाने की अपील की। कार्यक्रम के तकनीकि सत्र में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. निखिल सिंह द्वारा मक्का फसल में कीट नियंत्रण की जानकारी देते हुये कृषकों से संवाद किया। अन्य विभागों के विभाग प्रमुखों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजना की जानकारी कृषकों को दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक गण, पशु पालन विभाग के अधिकारी, कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी, इफको के जिला प्रबंधक, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों द्वारा विभाग से संचलित योजना का स्टाल लगाकर अपने विभाग की योजना की जानकारी दी।

### युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 18 जून को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार अधिकारी सिवनी द्वारा बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी एवं शासकीय आईटीआई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से शासकीय आई.टी.आई. पलारी तिराहा केवलारी में दिनांक 18 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। आयोजित मेले में नियोजकों द्वारा ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।
उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में सहभागिता करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच हो एवं जो कक्षा 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक उत्तीर्ण हों। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं। आयोजित मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान दो चरणों में संतृप्ति शिविर होंगे आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिले में दो चरणों में (प्रथम चरण 16 से 28 जून, द्वितीय चरण दिनांक 29 जून से 04 जुलाई) जिले में विशेष जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर इन शिविरों का आयोजन ग्राम / कलस्टर स्तर पर किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने का लक्ष्य है। शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसे अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा।
प्रत्येक विकासखंड में चयनित जनजातीय ग्रामों के क्लस्टर के साथ-साथ 6 से 7 आस-पास के ग्रामों को मिलाकर दिनवार कार्ययोजना तैयार की गई है। जिन ग्रामों में योजनाओं का लाभ कम लोगों तक पहुंचा है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
शिविरों के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी, दल प्रभारी और सहयोगी कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही शिविरों के प्रतिदिन का डाटा, फोटोग्राफ और संक्षिप्त वीडियो तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। जन सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए स्वसहायता समूहों, आजीविका समूहों और स्कूल के छात्र-छात्राओं की भूमिका भी सुनिश्चित की जाएगी।
कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार द्वारा भेजी गई एस.ओ.पी. के अनुसार शिविरों का संचालन कर जनजातीय समुदाय को अधिकतम लाभपहुँचाना सुनिश्चित करें।

### प्राचीन सूर्य मंदिर का चतुर्थ पाटोत्सव का भव्य धार्मिक आयोजन वैदिक विधि से किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** टैगोर वार्ड स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर में आज दो दिवसीय चतुर्थ पाटोत्सव का भव्य धार्मिक आयोजन वैदिक विधि से किया गया । शनिधाम ट्रस्ट पलारी-सीलादेही के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में ब्रह्ममुहूर्त में भोले बाबा के सानिध्य में पंडित नीरज तिवारी, आशु तिवारी एवं अभिषेक तिवारी के द्वारा गणेश गौरी पूजन,भगवान सूर्यदेव के अभिषेक एवं पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में धर्मध्वजा फहराई गई और वेद मंत्रों के बीच मंगलाचरण हुआ। प्रातः 11 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन बालाघाट सांसद श्रीमती भारती पारधी एवं सिवनी विधायक के मुख्य आतिथ्य में के रूप में सम्मिलित हुए। भगवान सूर्यदेव का विधि विधान से पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात तत्पश्चात नगर पालिका के सीएमओ विशाल मर्सकोले, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे,एवं इं. संतोष तिवारी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया, स्वागत उपरांत अतिथियों ने मंदिर परिसर में स्थापित ओपन जिम एवं तोरण द्वार का फीता काटकर लोकार्पण किया। साथ ही परिसर में वृक्षारोपण कर ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान को भी आगे बढ़ाया। विधायक ने मंदिर में स्टील ग्रिल, सीसीटीवी कैमरे एवं बाउंड्री वॉल निर्माण का आश्वासन भी दिया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, वार्ड पार्षद सुश्री साक्षी डागोरिया की उपस्थिती उल्लेखनीय रही ।
ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सांसद श्रीमती भारती पारधी (बालाघाट-सिवनी), भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया, सहित सभी प्रमुख अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

### तहसीलदार ने दल बनाकर आकस्मिक रूप से उत्खनन क्षेत्र में दस्तक दी

## खैरी में अवैध रेत उत्खनन करते पकड़े 5 ट्रेक्टर





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।** शुक्रवार को खैरलांजी तहसील के खैरी गांव में तहसीलदार छवि पंत ने दल बनाकर अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही की। खैरलांजी तहसीलदार पंत ने बताया कि अवैध रेत खनन की शिकायत पर उन्होंने राजस्व और पुलिस का दल बनाकर बताये गए क्षेत्र पहुँची। यहां अवैध रेत खनन देखकर हड़कम्प मच गया। दल को आते देख उत्खननकर्ता भागने भी लगे, दल द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही की। खैरी गांव की बैनगंगा नदी से रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 5 ट्रैक्टर जप्त किए गए। जिसमें से दो ट्रैक्टर की ट्रॉली में रेत भरी हुई पाई गई एवं अन्य तीन ट्रैक्टर खाली पाए गए। सभी पांचों ट्रैक्टर को मौके से जप्त कर थाने में खड़ा किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार दुलारेलाल परते, सहायक उपनिरीक्षक श्री सतीश गेड़ाम, पटवारी सरिता यादव,आरक्षक श्री रामसिंह मेवाड़ा,हेमराज बकोडे और विष्णु जाट शामिल रहे।

### इन ट्रेक्टर को किया जब्त

तहसीलदार पंत ने बताया कि वैनगंगा नदी में स्वीकृत रेत खदान से बाहर ख.नं. 232 रकबा 23.738 में रेत का अवैध उत्खनन करते हुए 05 टैक्टर पकड़े गए है। इनमें एमपी-50ए-9287, (रेत भरी ट्राली), एमपी-50एए-0165 (रेत भरी ट्राली) टैक्टर न्यू रंग नीला, स्वराज कंपनी, नंबर नहीं है। (खाली ट्राली) ट्रैक्टर मालिक का नाम गनराज माहुले, ग्राम खैरी, ट्रैक्टर चालक का नाम रितिक पिता गनराज माहुले खैरी, एमपी-50एए-1806 (खाली ट्राली) और एमपी-50एए-1088 (खाली ट्राली) अवैध रेत उत्खनन में शामिल रहे, जिन्हें जब्त किया गया।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिये जपं लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने की दावेदारी पेश




**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस के नए जिला अध्यक्ष युवा उम्र के होंगे। यह बात कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने रविवार को हुई वर्चुअल मीटिंग में कही। उन्होंने कहा, 5 साल से पहले पार्टी में शामिल नेताओं को पैनल में न जोड़ें। मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान के तहत दिल्ली और भोपाल से नियुक्त ऑब्जर्वर्स की तीन सदस्यीय टीम अब हर जिले में जाकर जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के नाम तलाशेगी। इसके साथ ही जिले में कांग्रेस की मजबूती और कमजोरी के कारणों की वजह भी तलाशेगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित प्रदेश भर में दौरा कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी क्रम में बालाघाट जिले में श्री सूरज हेगड़े जी का आगमन हो रहा है। 3 जून मंगलवार को राहुल गांधी भोपाल आए थे। उन्होंने मध्यप्रदेश में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की थी। यदि कोई सशक्त व्यक्ति और विचारधारा से जुड़ा हुआ सीनियर दावेदारी करता है तो उसे विशेष परिस्थितियों में शामिल किया जा सकता है। कोई मजबूत कार्यकर्ता आयुसीमा के चक्कर में छूट न जाए। लेकिन, राहुल जी की सोच है कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष युवा हो, तकनीक फ्रेंडली हो, सोशल मीडिया पर सक्रिय हो। ये सारी खूबियों वाले कार्यकर्ताओं को आप पैनल में शामिल करें। लांजी विधानसभा क्षेत्र से जिला अध्यक्ष के लिए प्रबल दावेदार में युवा समाजसेवी जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे की प्रबल संभावना प्रतीत होती है। आप को तीनों ब्लॉक कांग्रेस संगठन का आशीर्वाद प्राप्त है । अपने राजनीतिक सफर छात्र संघ चुनाव से प्रारंभ कर छात्र संघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए, तत्पश्चात नगर मुख्यालय लांजी से जनपद सदस्य के रूप में सेवा प्रदान की उसे वक्त तत्कालीन अध्यक्ष देवेंद्र खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत लांजी के कार्यकाल में अपने संचार संकर्म समिति के सभापति के रूप में कार्य कर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई ,समय समय संगठन की जिम्मेदारी प्राप्त कर युवा कांग्रेस के विधानसभा प्रभारी के रूप में कार्य करने का अवसर मिला तत्पश्चात मध्य प्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष सुश्री हिना कार्य की कार्यकाल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी का पदभार ग्रहण कर संपूर्ण सेवा क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिला, वहीं आपके नेतृत्व में लांजी विधानसभा का दूसरा विधानसभा चुनाव में सफलता प्राप्त की साथ ही साथ सहकारिता के क्षेत्र में मार्केटिंग सोसायटी के सदस्य के रूप में किसानों के बीच कार्य करने का अवसर मिला , कृषि उपज मंडी समिति बालाघाट के सदस्य कांता राउत जी के मंडी चुनाव में उनके प्रभारी बनकर मंडी चुनाव में सफलता प्राप्त की, आपका निर्वाचित मार्गदर्शन अथक प्रयास परिश्रम सदैव कांग्रेस संगठन के अनुरूप रहा जो जिम्मेदारी संगठन के द्वारा प्रदान किए गए उसे बखूबी निभाकर आज कांग्रेस संगठन के सहयोगी बनकर पूरे जिले में कार्य कर रहे हैं वहीं सामाजिक क्षेत्र में प्रगतिशील कुनबी समाज के जिला पदाधिकारी के रूप में कार्य करने का अवसर मिला कुनबी समाज संगठन लांजी के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने का अवसर मिला और आज तक सामाजिक क्षेत्र में समाज के लिए सेवा कर रहे हैं खेल के क्षेत्र में आप राज्य स्तर पर खेल प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और वर्तमान में वालीबाल संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में युवाओं को प्रतिभा को उभरने का कार्य आपके द्वारा किया जा रहा है। क्षेत्र के सभी कांग्रेस के नेता सामाजिक कार्यकर्ता कांग्रेस के कार्यकर्ता यही चाहते हैं की लांजी विधानसभा क्षेत्र से जिला कांग्रेस का अध्यक्ष हो और सब का आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है। प्रदेश में संगठन सृजन चुनाव को लेकर राजनीतिक दावेदार ने अपनी पक्ष रखा, एक अनार और सौ बीमार वाली कहावत दिखाई दे रही है। पार्टी ने संभावित प्रत्याशियों को तलाशना शुरू कर दिया है। कांग्रेस इस बार प्रदेश में उन पर ज्यादा फोकस कर रही है, जिसमें लगातार कांग्रेस को जीताने में लगा रहे।

## जंगली सुअर के हमले से वृद्ध की मौत

### कथित तौर पर लगा आरोप कटंगी अस्पताल में नहीं मिल पाया सही उपचार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम खजरी के राजस्व के जंगल में मवेशी चराने गए एक वृद्ध व्यक्ति की जंगली सुअर के हमले के बाद कथित तौर पर सरकारी अस्पताल कटंगी में सही उपचार मिलने के कारण मौत हो गई. वन्य प्राणी के हमले की यह घटना गुरुवार की शाम करीब 05 बजे के आस-पास की बताई जा रही है. जंगली सुअर के हमले से घायल 62 वर्षीय वृद्ध मंगलीराम पिता गेंदलाल कोहरे को सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया था. जहां कथित तौर पर घायल को सही प्राथमिक उपचार नहीं दिया गया और सीधे जिला अस्पताल बालाघाट के लिए रेफर कर दिया गया. ऐसे में परिजन (मृतक की पत्नी ) अपने घायल वृद्ध पति को खजरी घर की तरफ वापस लेकर जा रही थी. अर्जुननाला के पास रास्ते में घायल मंगलीराम की मौत हो गई. परिजन मृतक के शव को सीधे खजरी घर लेकर चले गए देर शाम पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने मौके पर पंचनामा तैयार किया. शुक्रवार की सुबह मृतक के शव को पीएम के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया. किंतु स्वीपर नहीं होने के कारण समय पर पीएम भी नहीं हो पाया. मृतक का परिवार सुबह 08 बजे से शव विच्छेदन गृह के बाहर शव को लेकर स्वीपर के आने के इंतजार करता रहा लेकिन सुबह 10 बजे के बाद पीएम शुरू हुआ. ग्राम पंचायत खजरी सरपंच सुरेन्द्र राहंगडाले ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा प्रदान करने की मांग की है.

### मवेशी चराकर परिवार का चलाता था गुजारा-

प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक मंगलीराम कोहरे की 06 पुत्रियां है सभी का विवाह संपन्न हो चुका है. मंगलीराम अपनी धर्मपत्नी के साथ खजरी में रहते थे. गांव की और स्वयं की मवेशी चराकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे. पत्नी ने बताया कि गुरुवार के दिन भी प्रतिदिन की तरह सुबह करीब 10 बजे मवेशी चराने के लिए वह गांव के जंगल की तरफ गए जहां शाम के वक्त यानी घर वापसी के समय जंगली सुअर ने उन पर हमला कर दिया. जंगली सुअर के हमले से घायल होने के बाद जैसे-तैसे वह सड़क तक आए और गांव के ही एक व्यक्ति से मदद मांगी. जिसने उन्हें पहले घर तक और फिर बाद में अस्पताल भी पहुंचाया.

### अस्पताल में दो बार बेड से गिरा मंगलीराम-

गांव के ही एक शख्स ने बताया कि मंगलीराम को जब अस्पताल में भर्ती करवाया गया तो यहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में लापरवाही बरती. मंगलीराम स्वास्थ्य कर्मचारियों के सामने एक नहीं बल्कि दो बार बेड से गिर गया. ऐसी स्थिति में पीड़ति को परिवार की अपेक्षा अनुसार बेहतर उपचार नहीं मिल पाया और उपचार के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई. घायल को बालाघाट रेफर कर दिया गया. घायल की पत्नी अपने पति को वापस घर लेकर जा रही थी जहां रास्ते में घायल की मौत हो गई.

### एक अदद से स्वीपर की कमी-

वैसे तो केंद्र और राज्य सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के दावे करते ही रहती है. इन सरकारों के मंत्री से लेकर सांसद-विधायक भी इन दावों का राग अलापते नहीं थकते है. जैसे कि अभी हाल ही में देखने में आया कि सरकारी अस्पताल कटंगी को 50 बिस्तरों के अस्पताल में उन्नयन होने पर विधायक गौरव सिंह पारधी को उनके समर्थकों ने सोशल मीडिया पर जमकर बधाइयां दी. लेकिन सरकारी अस्पताल कटंगी में एक अदद से स्वीपर का पद खाली है इस पर सभी चुप्पी है. सरकारी अस्पताल में स्वीपर (सफाई कर्मी) की कमी एक गंभीर समस्या बनकर उभरी है. यह कमी ना सिर्फ अस्पताल के कामकाज को प्रभावित कर रही है बल्कि किसी हादसे में अपनी जान गंवाने वाले मृतक और उसके परिवार के सम्मान को भी ठेस पहुंचा रही है. स्वीपर के नहीं होने से मृतक के शव को लेकर परिजनों को काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है.

## जरूरी मांगों को लेकर कुम्हार समाज संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### कुल्पा में मूर्ति निर्माण हेतु मिट्टी के लिये भूमि सुरक्षित किये जाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम कुल्पा एवं पाथरगांव के कुम्हार समाज के लोगों द्वारा 12 जून को एसडीएम लांजी को ज्ञापन सौंपकर बर्तन एवं मूर्ति निर्माण हेतु मिटटी निकाले जाने हेतु सुरक्षित भूमि को चारो ओर से बारबेड तार लगाकर सुरक्षित करने की मांग की है। इस संबंध में ज्ञापन सौंपने के दौरान कुम्हार समाज के लोगों ने बताया की हम सभी आवेदकगण कुम्हार समाज संगठन ग्राम कुल्पा और पाथरगांव के निवासी है। तथा अपना जीवन यापन करने हेतु मिटटी से घड़े बर्तन एवं मूर्तियों का निर्माण करते है। वैसे तो हम कुम्हार समाज के लोगों को शासन से किसी भी प्रकार की योजनाओं का लाभ नही मिल पाता है जबकि हमारे जिले से लगे छत्तीसगढ़ राज्य एवं महाराष्ट्र राज्य ने कुम्हारो की दिनचर्या शासन की योजना के लाभ से अच्छी चल रही है वहीं मध्यप्रदेश में हम कुम्हारो की लिए किसी प्रकार की योजना नहीं चला रही है जिससे की हमे अपने जीवन यापन के लिये एक सहारा मिले जबकि देखा जाय तो शासन से हमे घड़ा एवं खिलौने निर्माण के लिए चाक मिलना चाहिए वहीं मूर्ति निर्माण के लिए उसे पेंटिंग करने के लिए काम्प्रेसर जैसी मशीन शासन की योजना से मिलना चाहिए परन्तु हम कुम्हार समाज के लोग इस योजना से आज भी वंचित है। वहीं ईट भट्टा निर्माण के लिए इन कुम्हारो के लिए बैंक से लोन की व्यवस्था होना चाहिए वह भी हमे नही मिल पाती है। जिससे हमे अपने परिवारों के जीवन यापन के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### भूमि को सुरक्षित करने प्रशासन से मांग...

कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों ने बताया की हमे शासन की मंशानुसार मिटटी के बर्तन निर्माण करने एवं भगवानो की प्रर्तिमा निर्माणा के लिए उपयोग में आने वाली मिटटी के लिए ग्राम कुल्पा में स्कूल टोला के आगे मंडई टेकरा के पास पांच एकड़ भूमि जो कि दो रकबे में बटी हुई है हमे दी गई जिस भूमि से हमारे द्वारा मिटटी लाकर हमारे पुस्तौनी कार्य को आगे बढ़ाने का कार्य



किया जा रहा है यह भूमि खसरा नं 488/1(क) जिसका रकबा 385/1.506 है। और दूसरा खसरा 490/2/क है जिसका रकबा 3900/1.457 घास मद शासन की भूमि दी गई है। जिससे हमारे द्वारा मिटटी लाई जाती है। और हमारे समाज का नाम कॉलम नं 12 में दर्शित किया गया है। उक्त भूमि से करीबन 18 वर्षों से हम कुम्हार समाज द्वारा अपने पुस्तैनी कार्य हेतु मिटटी लाई जा रही है परन्तु यह भूमि अस्त व्यस्त होने के कारण हम समाज को यह कर बने रहता है कि दी गई भूमि में किसी के द्वारा कब्जा न किया जा सके जिसके लिए महोदयजी उक्त भूमि को चारो ओर से सुरक्षित किया जाय ताकि उस भूमि पर किसी की नजर न पड़े और अपना पुस्तैनी कार्य सुचारू रूप से कर सके।

### पाथरगांव में जमीन प्रदान करने की मांग.....

वहीं पाथरगांव के कुम्हारों द्वारा भी एक ज्ञापन सौंपकर एसडीएम को बताया की हम कुम्हार समाज संगठन के लोगो द्वारा पुस्तैनी समय से मिट्टी के बर्तन बनाते आ रहे है जिसमें मिटटी के मूर्ति, कवेलू, दिया, घड़ा, सुराही, गमला इत्यादि मिट्टी का सामान बनाया जाता है जिसमें ग्राम पंचायत पाथरगांव के द्वारा आदेशित कर हमे पुस्तैनी समय से जो कार्य करते आ रहे हैं जिसके लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा जमीन आबंटित की गई थी। किन्तु लांजी जनपद के अन्तर्गत आने वाले कुम्हारो को यह सुविधा आज तक मुहैया नहीं कराई गई है जिसमे कार्य करने हेतु अन्यत्र स्थान से मिट्टी की खरीदी करना पड़ रहा है। जबकि हमे 2007-08 में मिट्टी खोदने की जगह एवं इंट मिटटी के बर्तन पकाने का स्थान आरक्षित किया गया था। जिसने सूची क्रमांक 8 में हल्का नं. 08 के खसरा नं 325 के सुरक्षित रकबा 0.45 के घास मद की भूमि आबंटित की गई थी। मगर उक्त स्थान पर हमारे व्यवसाय की सामग्री बनाने हेतु मिट्टी उपलब्ध नहीं होने की वजह से हम कुम्हार समाज के द्वारा पाथरगांव में स्थित शासकीय घास मद की भूमि जिसका खसरा नं. 508/1 रकबा 4.3790 के शासकीय मद की भूमि से उपयोगी मिटटी हमारे द्वारा लाई जा रही है। अतः हमारे पुस्तैनी कार्य हेतु जिस भूमि से उपयोगी मिट्टी लाई जा रही है उस शासकीय भूमि को हम कुम्हार समाज संगठन के नाम कर उक्त भूमि को चारो ओर से सुरक्षित किया जाय ताकि हम अपना पुस्तैनी व्यवसाय कर अपना जीवन यापन कर सके।

## कटंगी में डीजल चोरों ने मचाया आतंक



### बाईपास और पेट्रोप पंप के सामने खड़े वाहनों से चोरी किया ईंधन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी में डीजल चोरों का एक गिरोह सक्रिय नजर आ रहा है. इस गिरोह ने गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात्रि बाईपास और अर्जुननाला में मेन रोड़ में स्थित पेट्रोप पंप के सामने खड़े वाहनों से डीजल की चोरी की है. जिन वाहनों से ईंधन चोरी की वारदातें हुई है उनमें डंपर, बस और ट्रक शामिल है. चोरी की यह वारदातें रात्रि साढ़े 12 बजे के बाद की है. एक स्थान पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदेहियों को बाइक पर सवार देखा जा रहा है. जिन पर डीजल चोरी में संलिप्त होने का संदेह है. शुक्रवार को वाहन मालिकों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है और अलग-अलग स्थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों में खंगाल रही है. मिली जानकारी अनुसार बाईपास में शरणागत लाइब्रेरी के सामने खड़े दीपक शरणागत के वाहन क्रमांक एमपी 50 जेडसी 1860 से डीजल चोरी हुआ है. दीपक ने पूरी घटना को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एक दिन पहले ही वाहन में 15 हजार रुपए का डीजल भरवाया था. रात्रि में करीब साढ़े 10 बजे प्रतिदिन की तरह वाहन को निर्धारित स्थान पर खड़ा कर अपने घर चले गए थे. आज सुबह जब वाहन को देखा तो डीजल चोरी हो चुका था. उन्होंने बताया कि बाईपास में ही प्रीविका लॉन के सामने खड़े एक डंपर से भी डीजल चोरी हुआ है. अर्जुननाला पेट्रोप पंप में खड़ी न्यू दुर्गा बस सर्विस की यात्री बस क्रमांक एमपी 09 एफए 9233 से भी डीजल चोरी किया गया है और यही खड़े ट्रक क्रमांक एमएच 34 एवी 2229 से डीजल चोरी का प्रयास किया गया. पंवार ढाबा के पास खड़े एक वाहन से डीजल की चोरी की गई. चोरी की इन वारदातों से वाहन मालिकों और चालकों में भय का माहौल बना हुआ है.

एक अनुमान के मुताबिक अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि अलग-अलग वाहनों से करीब 20 हजार रुपए से अधिक की कीमत का ईंधन चोरी किया है. वाहनों से ईंधन की चोरी से जहां वाहन मालिकों के मन में वाहनों की सुरक्षा को लेकर अब कई तरह के सवाल है. वहीं पुलिस के लिए यह चोरियां चुनौती बन चुकी है. शहर में होने वाली अन्य कई तरह की वारदातों से पुलिस पर वर्कलोड पहले से ही काफी अधिक बना हुआ है और अब डीजल चोरी की घटनाओं ने पुलिस के लिए परेशानी बड़ा दी है. चोरों ने जहां-जहां सीसीटीवी कैमरे लगे है उन तमाम स्थानों पर चोरी कर पुलिस को खुली चुनौती दी है. गौरतलब हो कि कटंगी शहर में नगर परिषद के तमाम सीसीटीवी कैमरे बंद पड़े है. इन कैमरों को शुरू कराने की मांग एक नहीं बल्कि कई बार की गई है परंतु नगर परिषद सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव इन कैमरों को शुरू करवाने में रुचि नहीं ले रहे है जिस कारण पुलिस को चोरों और आरोपी की पहचान करने में परेशानी हो रही है.

## मगरदर्रा में किसान क्रेडिट कार्ड शिविर का हुआ आयोजन





**हरिभूमि न्युज बालाघाट।** पशुपालकों की आय को दोगुनी करने के उद्देश्य से शासन विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन शहरों से लेकर ग्रामीण स्तर तक कर रही है । इसी कड़ी में पशुपालन विभाग की लोक कल्याणकारी पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के तहत 13 जून को बालाघाट के ग्राम पंचायत मगरदर्रा में केसीसी शिविर का आयोजन किया गया ।

जिला कलेक्टर मृणाल मीणा के विशेष निर्देशन तथा उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉक्टर नीरज दास पुरी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में पशुधन एवं कुकुट विकास निगम से कार्यपालिक अधिकारी डॉक्टर अरुण कुमार नेमा पशुपालन विभाग से अतिरिक्त उप संचालक डॉ. घनश्याम परते, पशु चिकित्सा संस्था समनापुर से क्षेत्राधिकारी श्रीमती श्रेया बगारे तथा स्थानीय गौ सेवक श्री झाड़ू लाल शरणागत एवं परिचारक शैलू भोंडे ने उपस्थित होकर इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन को सफल बनाया । उक्त कार्यक्रम में पशुपालन विभाग की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के संबंध में डॉक्टर नेमा तथा डॉक्टर घनश्याम परते ने पशुपालकों को विस्तार से जानकारी दी तथा इस दौरान उपस्थित पशुपालकों के 26 आवेदन स्वीकृत किये गये ।

## कबीर साहेब की जयंती पर गायत्री दीप ज्ञान यज्ञ का हुआ आयोजन





**हरिभूमि न्युज किरनापुरः-** ग्राम लवेरी के घुडनलाल बंबुरे के निवास पर रात्रि 6:00 बजे से 10:00 बजे तक कबीर पंथियों ने जिसमें महिलाएं पुरुषों ,नवयुवकों ,बुजुर्गों व नारी शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं अपने घरों से दीप लेकर आए और सामूहिक रूप से प्रचलित किया। किरनापुर गायत्री शक्तिपीठ से आए सम्माननीय रेखा लाल सिहोरे जी ने यज्ञ के महत्व को विस्तृत रूप से समझाते हुए बताया कि दीप जलाना आत्मा को प्रकाशित करने और मानव जीवन में सत्य प्रेम और करुणा का प्रसार करने का प्रतीक है ,दीप यज्ञ जैसे आयोजन समाज में न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक जागरूकता लाते हैं बल्कि समाज को एकजुट करके और उसकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का कार्य भी करते हैं इस कार्यक्रम में उपस्थित खेमलाल नगपुरे,भोजलाल लिल्हारे, सुखचंद नगपुरे,चुमेश बघेले, श्रीमती जामकली बम्बुरे श्रीमती चिंतन नगपुरे , श्रीमती परमिला नगपुरे , श्रीमती सुनीता बघेले , श्रीमती शशिकला नगपुरे, श्रीमती पुष्पा सिहोरे, चैनलाल नगपुरे ,घुडनलाल नगपुरे ,ओम बघेले और भी बाहर से आए हुए कबीरपंथियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम के अंत में आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया।





